पटना, मंगलवार
3 जुलाई 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+4=24

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

64 साल बाद इतिहास रचने उतरेगा स्विट्जरलैंड } 16
टीम इंडिया की मुश्किल परीक्षा शुरू } 17

## जीएसटी से कर चोरी पर लगा अंकुश : शिव नारायण

संवाददाताओं को जानकारी देते केंद्रीय माल एवं सेवा कर विभाग के वरीय अधिकारी ● जागरण

**राज्य ब्यूरो, पटना :** केंद्रीय माल एवं सेवा कर, रांची प्रक्षेत्र पटना के प्रधान मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद देश भर में कर संग्रह में पारदर्शिता भी आई है। टैक्स चोरी की आशंका भी न्यूनतम हो गई है। जीएसटी के एक वर्ष पूरा होने के मौके पर सोमवार को आयकर विभाग की ओर से केन्द्रीय राजस्व भवन में जीएसटी दिवस का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि पूरी प्रणाली कंप्यूटर आधारित है और गड़बड़ी करने वाले जरूर पकड़े जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के एक वर्ष के अंदर ही लगभग 1,83,000 नए करदाताओं ने बिहार में रजिस्ट्रेशन कराया। अभी भी रजिस्ट्रेशन हो रहा है। इस साल 450 करोड़ राजस्व संग्रह किया गया, जबकि पिछले वर्ष 2598 करोड़ का ही राजस्व संग्रह हुआ था। अभी तक 63 फीसद करदाताओं ने ही अपना जीएसटी रिटर्न फाइल किया। इस संबंध में विभाग की ओर से 18,913 ऐसे करदाताओं को नोटिस भी जारी किया गया है, जिन्होंने अपना रिटर्न अभी तक फाइल नहीं किया है। पिछले साल की तुलना में टैक्स संग्रह में 29 फीसद की ग्रोथ बिहार और झारखंड में दर्ज की गयी है। बिहार में 82 हजार से बढ़कर टैक्स दाताओं की संख्या एक लाख 66 हजार हो गयी है। पिछले तीन महीने के दौरान इसमें 70 फीसद का ग्रोथ दर्ज किया गया है। केसी घुमरिया प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर पटना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मौके पर आयुक्त रंजीत कुमार, विनायक चंद्र गुप्ता, नितिन आनंद, डॉ. प्रतिमा, एस आर मलिक सहित अन्य उपस्थित थे।